**खबर संक्षेप**

### कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 के लिए कॉलेज चलो अभियान को मूर्त रूप देने के लिए शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज चलो अभियान के लिए संयोजक राजकुमार सिंगौर को बनाया गया। इसके साथ ही कॉलेज चलो अभियान के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। महाविद्यालय के आसपास के स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संयोजक एवं समिति के सदस्यों द्वारा कॉलेज चलो अभियान के तहत विभिन्न स्थलों एवं स्कूलों में भ्रमण हेतु चिन्हित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन में समिति के सदस्य द्वारा डॉ. घनश्याम झरिया एवं डॉ. प्रशांत यादव द्वारा ग्राम पंचायत अंजनिया का भ्रमण कर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारी तथा अभिभावकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बच्चों को प्रेरित करने हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं पाठ्यक्रम आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

### साक्ष्य एवं प्रमाण सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 7 जनवरी है

**मण्डला।** जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये 3 सचिव के पदों की पूर्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु शर्तें एवं विज्ञापन जारी किया गया था। निर्धारित तिथि 23 दिसम्बर 2024 से 27 दिसम्बर 2024 तक वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से कुल 166 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें से 94 आवेदन पत्र अपात्र एवं 72 आवेदन पत्र पात्र पाये गये हैं। अपात्र एवं पात्र मैरिट सूची का प्रकाशन किया जा रहा। प्रकाशित सूची अनुसार संबंधित आवेदकों से 7 जनवरी 2025 तक प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत मण्डला के कक्ष क्रमांक-3 में साक्ष्य एवं प्रमाण सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावे/आपत्ति के आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। मैंरिट सूची एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची एनआईसी की वेबसाईट एवं जिला पंचायत मण्डला कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**सीवर लाइन के घटिया कामों से परेशान व्यापारी व वार्डवासियों ने जताया विरोध**

# विकास कार्यों की भेंट चढ़ी सड़कें

*** जनसुनवाई पहुंचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सीवर लाईन ठेका कम्पनी के द्वारा कार्यों में लगातार निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है जिसके चलते वार्डवासी चोटिल हो रहे है। साथ ही आज दिनांक तक जिम्मेदारों के द्वारा सही काम नही किया गया जिसको लेकर व्यापारियो व वार्डवासियों नें सराफा मुख्य मार्ग के शीघ्र निर्माण हेतु एवं सीवर और नल-जल योजनाओं के कार्यों में अनियमितता से अवगत करवाने हेतु कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। बताया गया कि व्यापारियों ने सराफा मुख्य मार्गो से रैली निकाली और कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विरोध दर्ज करते हुए जिम्मेदार सीवर लाइन कम्पनी के कर्ताधर्ताओं के विरूध कार्यवाही करने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि



उदय चौक से बुधवारी रोड़ सराफा मुख्य मार्ग में विगत 3 वर्षा की लंबी अवधि से सराफा मुख्य मार्ग के सीवर और नल जल योजनाओं का कार्य चल रहा है जिसके चलते लोग खुदी हुई रोड़ और जल की टूटी पाईप लाइन के कारण हो रही असुविधा से परेशान हैं तथा ग्राहकों की आवाजाही बाधित होने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। 2 वर्षो से सराफा रोड का टेंडर लगने के बाद भी रोड बनाने का काम चालू ना हो सका जिसके कारण नगर पालिका पार्षद बृजेश जसवानी, अनिल दुबे रजनीश रंजन उसराठे, जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी एवं समाजसेवी वरुण अग्रवाल एवं सराफा व्यापारी ने पूर्व में भी नगर पालिका जाकर प्रदर्शन किया गया। साथ ही जनसुनवाई में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। लगातार सीवरेज एवं पाइपलाइन ठेकेदार द्वारा जो मनमानी की जा रही थी मार्ग में गड्ढे करके छोड़ दिए गए है जिससे क्षेत्रवासी चोटिल हो रहे थे। इन सभी समस्याओं को देखते हुए एसडीएम मंडला 15 दिन के अंदर रोड बनाने का कार्य कंप्लीट करने का आश्वासन दिया है। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि मुख्य मार्ग पर प्रत्येक 5 कदम पर सीवन लाइन के बड़े छोटे चेम्बर बनाए गए है एवं ये चेंबर मुख्य सडक से 6 इंच उंचे बनाए गए हैं जिसके कारण दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको का मार्ग से चलना दुर्भर हो गया है। मुख्य मार्ग पर पलक झपकते ही एक्सीडेंट की स्थिति निर्मित हो रही है। जल प्रदाय लाइन का पानी सडक पर बह रहा है व खोदी गई मिट्टी मार्ग में पड़ी है। बारिश के समय पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दिल हो जाता है। जिसके चलते यहां एक्सीडेंट की स्थिति निर्मित हो रही है। पानी की पाइप फूट चुकी है जिससे पानी सड़क पर बह रहा है व खोदी गई मिट्टी मार्ग में पड़ी है। वाहन गढ्ढो में धस रहे है। एवं सबसे ज्यादा समस्या वरिष्ठ नागरिकों को है कि यदि गिर जाते है तो हड्डी टूटने के अतिरिक्त कोई चारा शेष नहीं रह जाता है एम्बूलेंस व फायर ब्रिग्रेड जैसी अति आवश्यक सेवाओं को आवाजाही में तक रूकावट की स्थिति जाम लगने की वजह से हो रही है। व्यापारी व वार्डवासियों ने मांग की है कि स्थिति की गंभीरता का आंकलन करते हुए शीघ्र अतिशीघ्र निम्न मांगों का पूर्ण करें। पार्षद बृजेश जसवानी ने बताया कि बीते दिनों कलेक्टर ने भी जिला मुख्यालय के उदय चौक, सराफा बाजार, बुधवारी सहित अन्य वार्डों में निर्माणाधीन सीवरेज लाईन के कार्य का निरीक्षण किया था। सिंगवाहिनी वार्ड एवं आजाद वार्ड में चल रहे सड़क के डामलीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा की गुणवत्तापूर्ण सडक्र का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें के निर्देश दिए थे। उन्होंने 8 दिसंबर से सडक्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। ज्ञापन के दौरान सुनील अग्रवाल, संजय सोनी, अभिषेक सराफ, अरूण सोनी, प्रभाव सराफ, मोंटू सोनी, अरंविद अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, निखिल सोनी, वरूण अग्रवाल, प्रदीप सोनी, शिवम कांसकार, संजय साहू, चिंटू सोनी, विनय बरमैया, नवल सोनी, हरीश साहू, आलोक सोनी, शिवदयाल सोनी, आनंद साहू, मनोज सोनी, बंटी, संजय साहू, मुकेश सिंधिया, जितेन्द्र सोनी, राजेन्द्र तिवारी, जीवन लाल बर्मन, नारायण विश्वकर्मा, पीयूष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विवेक सोनी, प्रदीप सोनी सहित वार्डवासी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।



# पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण संपन्न



*** क्षेत्रीय स्तर पर लाभ दिलाने के लिये लोगों को जागरूक करने हेतु किया गया प्रशिक्षित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर भवन में पैरालीगल वालेंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मण्डला की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी रोहित बड़कुल के निर्देशन में प्रशासक मधुलिका उपध्याय द्वारा उक्त प्रशिक्षण में अपनी सहभागिता प्रदान की गई। विभाग से संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर लाभ दिलाने के लिये लोगों को जागरूक करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिल रही सुविधाओं का लाभ आमजनों तक किस प्रकार पहुंचे और क्षेत्र में किस प्रकार की जागरूकता की आवश्यकता है। इसके अलावा पॉश एक्ट के अंतर्गत आंतरिक समिति एवं स्थानीय समिति से महिलायें किस प्रकार लाभ ले सकती हैं। साथ ही वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत एक ही छत के नीचे दी जाने वाली 6 सहायताओं के बारे में बताया गया। आपातकालीन स्थिति में त्वरित रुप से संबल प्रदान कर असुरक्षित स्थिति से बचाव करना। आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन स्थिति में चिकित्सकीय सहायता प्रदाय करना। प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करने एवं परिस्थिति के अनुरुप पुलिस सहायता प्रदाय करवाने में सहायता। विधिक प्रक्रिया हेतु जानकारी व सहायता। सामाजिक एवं मानसिक दृढ़ता हेतु परामर्श। 5 दिन तक अस्थायी आश्रय प्रदान करना। दीर्घ अवधि तक आश्रय की आवश्यकता की स्थिति में महिला/बालिका को विभाग द्वारा संचालित शक्ति सदन (स्वाधार गृह) में भेजा जाता है। उक्त जानकारियों के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये जिला स्तर पर स्थापित जिला हब में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में अवगत कराया गया एवं योजना का उद्देश्य बताया गया। महिलाओं को उनके सशक्तिकरण एवं विकास के लिए विभिन्न संस्थागत व्यवस्थाओं से जोड़ना। इन सेवाओं में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कैरियर एवं व्यावसायिक परामर्श/प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता कामकाजी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा आदि प्रमुख है। ऐसा वातावरण तैयार करना जिसमें महिलाएं अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सकें और पैरालीगल वालेंटियर्स के किये गये प्रश्नों का समाधान किया गया। तत्पश्चात बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ पटवा द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, कारा, बाल गृह, बालिका गृह, शिशु गृह, पालना घर के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स एवं संबंधित कनून विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक 3 जनवरी को होगी

**मण्डला।** जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक 3 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में आयोजित की जा रही है। बैठक में वनग्रामों में सामुदायिक वनाधिकार दावों का पूर्ण विनिश्यन करने हेतु प्राप्त प्रकरणों पर निर्णय लिया जायेगा। व्यक्तिगत वनाधिकार दावा प्रकरणों जो कि सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर एल-4 पर दर्ज है, उन पर मान्य/अमान्य का निर्णय तथा पुलिस अधीक्षक जिला मण्डला द्वारा तहसील बिछिया अंतर्गत धमनगाँव में एक अस्थाई पुलिस कैम्प निर्माण हेतु कक्ष क्र. 324 में रकबा 0.95 हेक्टेयर भूमि हेतु अनुमति के संबंध में चर्चा की जायेगी।

## अपर कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मंडला शहर के मुख्य मार्ग के किनारे दुकान संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका मंडला के अंतर्गत चौपाटी से रेडक्रॉस तक दुकान संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण को संज्ञान में लेते हुए अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान मंडला एसडीएम सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष सिंह ठाकुर सहित संबंधित उपस्थित थे।

### माहिष्मती घाट में कलेक्टर की उपस्थिति में पंचचौकी महाआरती संपन्न



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा मंगलवार को माँ नर्मदा नदी के माहिष्मती घाट में पंचचौकी महा आरती में शामिल हुए। पंचचौकी महा आरती का आयोजन अमृता चौक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। माहिष्मती घाट में आयोजित पंचचौकी महा आरती के पश्चात नर्मदा नदी में दीपदान किया गया। महा आरती के समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में प्रसादी का वितरण किया गया। पंचचौकी महाआरती में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ एवं आशुतोष ठाकुर, मंडला एसडीएम सोनल सिडाम, तहसीलदार अजय श्रीवास्तव सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार और श्रद्धालु उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता** | **टिकरिया में क्षेत्रीय एवं ऑल इंडिया ओपन पुरुष वालीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन।**

# हरियाणा एवं क्षेत्रीय में स्पाइकर ने जीता फाइनल मुकाबला

*** विजेताओं को नगद देकर किया गया पुरूष्कृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला जिले के मवई विकासखंड में स्तिथ ग्रामपंचायत टिकरिया में चल रही क्षेत्रीय एवं ऑल इंडिया ओपन पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन दिवस में 8 टीमो के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑल इंडिया ओपन में पंजाब ने हरियाणा को दो सेट से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। वही क्षेत्रीय ओपन में स्पाइकर ने नयगवा को दोनों सेट हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। समापन दिवस में अतिथि के रूप में वीरेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जिला वॉलीवाल एसोसिएसन मण्डला, शिव मरावी सरपंच संघ अध्यक्ष जनपद पंचायत मवई, रमेश सैयाम सरपंच टिकरिया, धीरेंद्र कुम्हरे सरपंच घुटास, शिव आयाम सरपंच मेढ़ा, मंगल पन्द्रे जिला क्रीड़ा अधिकारी, डी.एस. उइके वरिष्ठ उद्यान अधिकारी बिछिया, कमल किशोर आर्मो, पुन्नू यादव, ज्ञानेंद्र शुक्ला शामिल हुए। सभी अतिथियों को बैच लगाकर आयोजन समिति के अध्यक्ष छुन्नू लाल सोनवानी के साथ स्थानीय बहिनो ने स्वागत किया।

### टी.वी. मुक्त भारत की दिलाई शपथ

जिला क्रीड़ा अधिकारी मंगल पन्द्रे ने भारत सरकार के टी.वी मुक्त भारत की परिकल्पना को लेकर उपस्तिथ अतिथियों, खिलाड़ियों एवं जनसमुदाय को जागृत करते हुवे टी.वी मुक्त भारत की शपथ दिलाई।

### अतिथियों ने विजेता उपविजेता टीम को बांटा ईनाम

तत्पश्चात अतिथियों ने ऑल इंडिया ओपन में विजेता टीम पंजाब को 15000 हजार नगद के साथ कप एव उपविजेता टीम हरियाणा को 10000 हजार नगद के साथ कप प्रदान किया। वही ओपन क्षेत्रीय विजेता टीम स्पाइकर को 8000 हजार नगद के साथ कप एवं उपविजेता टीम नयगवा को 5000 नगद के साथ कप प्रदान किया।

### खेल मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थ रहने का है साधन

कार्यक्रम के अतिथि वीरेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जिला वॉलीवाल एसोसिएशन मण्डला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम खेल को बढ़ावा देने लगातार प्रयासरत है। खेल मानसिक एव शरीरिक रूप से हमे स्वस्थ रहने का भी एक साधन है। यह वॉलीवाल प्रतियोगिता हमारे क्षेत्र के वॉलीवाल खिलाड़ियों को एक मंच देने का अच्छा प्रयास है। निश्चित ही हमारे जिले की प्रतिभाओ को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह के आयोजन निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के युवा वॉलीवाल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथ ही उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन समिति को बधाई दी। खेल में उद्घोषक के रूप में राकेश क्रान्त एवं प्रह्लाद साहू ने अपनी भूमिका निभाई।वही रेफरी के रूप में जमादार धुर्वे, सतीश ताराम शामिल रहे। कार्यक्रम में छुन्नु लाल सोनवानी अध्यक्ष आयोजन समिति, ज्ञानी तेकाम, रमेश राय, जेम्स के साथ समस्त समिति सदस्यों का आयोजन में विशेष योगदान प्रदान किया।

# पांच दिवसीय संभाग स्तरीय स्काउट गाइड रैली जबलपुर में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

संभागीय रैली जबलपुर में जिला मण्डला द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ट्रूप लीडर कन्हैया बरमैया, लोक सिंह पदम, दिलीप मरावी, मनोज कुड़ापे, गोविंद प्रसाद, प्रेम मार्को, प्रीति मसराम, रजनी सिलेकर, लीमा कुजूर, दिव्या मरावी, आरती कोल, प्रियंका पन्द्रे एवं स्काउट्स एवं गाइड्स सहित सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन कर जिला मण्डला का नाम रोशन किया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश, जिला संघ मण्डला द्वारा सभी प्रतिभागियों को शानदार प्रदर्शन करने पर बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला डॉ संतोष शुक्ला के निर्देशानुसार एवं जिला स्काउट प्रभारी मण्डला दिनेश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में मण्डला जिला के विभिन्न विद्यालयों से 110 प्रतिभागियों का दल पांच दिवसीय संभाग स्तरीय स्काउट गाइड रैली जबलपुर के लिए बस से रवाना किया गया। दिनांक 26 दिसंबर 2024 को दोपहर 12:00 बजे जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के प्राचार्य कल्पना नामदेव ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया एवं जिला संघ मण्डला के जिलाध्यक्ष अजय खोत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मण्डला रंजीत गुप्ता, जिला कब कमिश्नर अखिलेश चन्द्रोल, जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं उत्कृष्ट विद्यालय मोहगांव के प्राचार्य दीपक कछवाहा ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष प्रदान किया जिससे मण्डला जिला के सभी 110 प्रतिभागी सकुशल जबलपुर पहुंच गए। जबलपुर के रैली स्थल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें मंडला के सभी प्रतिभागी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सात ट्राफी हासिल किये। मण्डला जिला का शैला नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही जबलपुर अंतिम दिवस पूर्व संध्या कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सम्मानीय पदाधिकारीगणों में जिला मुख्य आयुक्त डॉ संजय तिवारी, डॉ उपेंद्र शुक्ला, सुरेश चौधरी, श्रीमती सावित्री सांडया, श्रीमती कल्पना नागेश्वर, श्रीमती डॉ स्वलपा बड़गैंया, आप सभी ने मण्डला के सभी प्रतिभागियों का जबलपुर पहुंच कर जो सम्मान दिया है उसके लिए आप सभी का भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ मंडला की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कीचड़ का साम्राज्य, ग्रामवासी हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत की मुहिम चलाते हुये संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाते हुये शहरों से लेकर पंचायतों को भी स्वच्छता के नाम पर राशि प्रदान करते हुये गांव को स्वच्छ बनाने की पहल की जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा जिन ग्राम पंचायतों के लिये निर्मल घोषित किया गया है उन्हें स्वच्छता के नाम पर अतिरिक्त धनराशि भी प्रदान की जा रही है। मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा लगातार राशि खर्च किये जाने के बाद भी जब गांवों की सच्चाई देखी जा रही है कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर अपने आप की ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि पंचायत में बैठे हुये जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते जिस प्रकार से ग्राम पंचायतों में कीचड़ का साम्राज्य देखने मिल रहा है उसे देखते हुये यह बात उजगार होने से इसलिये नही चूक पा रही है कि शायद इस पंचायत का तो भगवान ही मालिक है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सहावन में भी देखने मिल रही है, जहां पर ग्राम पंचायत के अंदर सड़कों पर फैले हुये कीचड़ के साम्राज्य के चलते जहां पंचायत की उदासीनता उजागर होने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर नालियों की साफ सफाई नही होने से नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहते हुये देखा जा रहा है, इस तरह से सड़को पर फैल रही कीचड़ के चलते ग्रामवासियों को परेशानियों से जूझते हुये भी देखा जा रहा है। क्योंकि सड़को पर फैली हुई कीचड़ के चलते आमजन सहित मासूम बच्चों को आने जाने में परेशान होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से कीचड़ व गंदगी से भरी पड़ी हुई सड़को से जहां अनेक प्रकार के मच्छर जन्म लेते हुये देखे जा रहे है उसके चलते लोगों का जिना मुश्किल होने से भी नही चूक पा रहा है?

### अतिक्रमण बन रहा परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा पिपरिया मार्ग की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां तहां निकल रहे गड्ढे वाहन चालकों के लिये परेशानी का कारण तो साबित होते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर इस मार्ग पर आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते अनेक लोग अपने जिन्दगी भी गवा चुके है? क्योंकि जहां सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होने के बाद भी इसके सुधार की ओर किसी के भी ध्यान नही दिया जा रहा है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे फैल रहे अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस मार्ग पर पढ़ने वाले ग्राम कामती के प्रमुख स्थल राष्ट्रबंधु स्मारक के पास जिस प्रकार से लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने दुकाने सजाई गई है उसके चलते वाहन चालकों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है।

### स्कूलों मे सड़ रहे कम्प्यूटर, शिक्षा विभाग की योजना पर लगा प्रश्न चिन्ह?

**गाडरवारा।** बीते हुए कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक क्षेत्र के अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है, तो कई कोठरी मे बंद पडे है जो आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ाने से नही चूक पा रहे है..? वही कई गांवों के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को तो इन कम्प्यूटर के क्षेत्र मे ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण वह छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से अवगत नही करा पा रहे है, क्योंकि शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है?

# उम्मीदों से भरे हुये 2025 का आगाज










**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

मनुष्य के जीवन में वर्षो के आने जाने का सिलसिला चलता ही रहता है पर यह हकीकत है बिदा हुए वर्ष 2024 की समय और समस्याएं तथा राजनीति के बीच जिस तरह बीते हुये वर्ष में नजारे देखने मिले है उसकी क्षेत्रवासियों ने शायद की कभी कल्पना नही की गई होगी..? क्योंकि बीत चुके वर्ष 2024 के शुरू में ही जिस तरह कानून की व्यवस्था को पटरी से उतरने के नजारे देखने मिले थें की तत्वों द्वारा नगर के बस स्टेन्ड के समीप की गई मारपीट ने नगर के लोगों को चिंता में डाल दिया गया था। मगर इस माह जिस तरह वर्षो के इंतजार के बाद आयोध्या नगरी में राम लला की स्थापना के चलते देश के साथ साथ नगर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मचने से नही चूक पाई थी। वही बीते हुये वर्ष में जिस तरह राजस्व विभाग में दो पटवारियों का रिश्वत लेते हुये पकड़े जाने से जहां विभाग में चल रही भ्रष्टाचार की सच्चाई उजागर होते हुये देखी गई तो दूसरी ओर बीते हुये वर्ष में लोकसभा चुनाव के साथ जिस तरह प्रमुख स्थानों पर घटित हुई हत्या सहित अन्य घटनाओं ने नगर व क्षेत्र के लोगों के लिये पूर्णरूप से झकझोरने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी और नगर सहित क्षेत्र का हाल यह बन चुका था कि बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के चलते लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास समाप्त हो चुका था। मगर बीते हुये वर्ष के कुछ अंतिम छड़ो में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा जिस तरह कानूनी डंडे को घुमाते हुये लोगों में पुलिस के प्रति समाप्त हो चुके विश्वास को काफी हद तक लौटाने में अहिम भूमिका निभाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही आज से शुरू हो रहे नववर्ष 2025 का स्वागत कर नई आशाएं सजाकर लोग करेगे। यह स्वाभाविक तौर पर माना जाता है कि बीते हुए साल के अंतिम दिवस यानि की कल मंगलवार 31 दिसम्बर को वर्ष के अंतिम सूरज के डूबने के बाद अंधकार छिन्न भिन्न होने लगता है और नये वर्ष की सुबह अपनी रंगीनी से सभी को विभोर कर नये अंदाज में आशावादी बनकर जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देती है। वही देखा जावे तो बीते हुए वर्ष 2024 के अलविदा होने के बाद सौभाग्य की बात है कि आज बुधवार को भगवान गणेशजी का दिवस पूजन सर्वार्थ सिद्धि, आनंद के बीच विशेष योग में नये वर्ष 2025 का आगाज हो रहा है। ज्ञात हो कि बीते हुये वर्ष 2024 की शुरूआत जहां शिवजी के प्रिय दिवस सोमवार से हुई थी तो समापन संकटों से मुक्ति दिलाने वाले हनुमान जी के प्रिय दिवस मंगलवार को हुआ। वही नये वर्ष 2025 की शुरूआत गणेश जी के प्रिय दिवस बुधवार से होने के चलते प्रथम पूज्य गौरी पुत्र से नये वर्ष में काफी उम्मीदे जताई जा रही है। इस लिहाज से वर्ष 2024 की उपलब्धियों व घटनाओं तथा आम हलचलों तथा राजनैतिक व सामाजिक परिवर्तन में यदि गहरी नजर डाली जाये तो आईने की तरह यह हकीकत स्पष्ट होती है कि बीते हुए साल में शहर और क्षेत्र के निवासियों के कुछ सपने साकार हुए और बहुत सी समस्याएं भी उन्हे हलाकान करती रही है। क्योंकि बीते हुए वर्ष 2024 के शुरूआती तौर में तो लोगों के चेहरों पर खुशी का महौल देखने मिल रहा था। वही दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों को लगातार परेशानियों से जूझते हुये देखा गया। वही देश में लोकसभा के लिये चुनावी विगुल बजने के बाद राजनीति में जिस तरह की खलबली मची हुई देखी गई तो अनेक लोगों के चेहरों पर मुझकान तो अनेक के चेहरों पर मासूसी भी देखने मिली और चुनाव संपन्न होने के बाद जो परिणाम सामने आये तो संपूर्ण देश भगवान राम की भक्ति में लीन होने से नही चूक पाया था। मगर इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि देश की राजधानी में बैठने वालों को चिंता में डालते हुये उनके गुरूर पर हथोड़ा महसूस होते हुये देखा गया..? गुजरा हुआ वर्ष क्षेत्र के प्राकृतिक आपदा पीड़ित किसानों के लिए राहत देने वाला नही रहा है। यदि देखा जावे तो बीते हुये वर्ष महंगाई ने काफी हद तक आमजन के साथ साथ व्यापारियों के लिये परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इस तरह बीता हुआ वर्ष निश्चित तौर से चिंता व दहशत के बीच निकलते हुये देखा गया है। क्योंकि निकले हुये वर्ष के अंतिम माह में जिस तरह दिन दहाड़े घटित हुई हत्या की घटना ने सनसनी फैलाते हुये नगरवासियों को सोचने पर मजबूर कर दिया गया था। मगर आज नये वर्ष 2025 की प्रथम किरण के बीच लोग माँ नर्मदाजी से यही कामना करते हुये देखे जावेगे कि हमे परेशानियों से शीघ्र ही निजाद प्रदान करे माँ....। वही दूसरी ओर कानूनी प्रक्रिया पर नजर डाली जावे तो निश्चित ही पुलिस विभाग में बीते हुये वर्ष जो नजारे दिखाई पड़े की नगर का इतिहास ही बन गया। क्योंकि गाडरवारा पुलिस थाने में जिस तरह नियुक्त रहने वाले टी आई अपना एक साल का कार्य काल पूर्ण करने में सफल नही हो पाते थें उसकी सच्चाई बीते हुये वर्ष में फिर जहां की तहां कायम रहते हुये देखी गई। क्योंकि इस रिकार्ड को वर्ष 2023 में तत्कालीन टीआई राजपूत बघेल द्वारा तोड़ दिया गया था। मगर टीआई की कुर्सी पर यह ग्रहण पुनः स्थापित होते हुये देखा जाने लगा है..? इस प्रकार से वर्ष 2024 में अवैधानिक रूप से सट्टा जुआ तथा शराब के अवैध कारोबार पर नियंत्रण लगाने में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व तत्कालीन टीआई उमेश तिवारी की टीम को लगातार सफलताये मिलते हुये देखी गई थी। मगर इस अवैध कारोबार के धंधे में महिलाओं की भागीदारी मिलना निश्चित ही नगर के इतिहास में ऐसी तस्वीर स्पष्ट करते हुये जान पड़ रही है कि आने वाला भविष्य इस नगर के लिये चिंता जनक बनने से नही चूक पायेगा? वही दूसरी ओर नगर की यातायात व्यवस्था जिस प्रकार से अराजकता की बांहो फंसी हुई देखी जा रही है उससे मुक्त नही हो पाने के कारण आमजन में इस बात का अहसास होते हुये जान पड़ रहा है की शायद इस वर्ष भी परेशानियों से जूझते हुए देखे जावेगे...? वही यदि आयोजनों के लिहाज से देखा जावे तो गुजरा हुआ साल में जिस तरह धार्मिक कार्यक्रमों से भरा हुआ होने के चलते साल भर तक धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई देखी गई तो दूसरी ओर शादी घरों की रौनकता से शहर के बाजार को चमकते हुये दिखाई पड़े। यह बात जरूर है कि बीते हुये वर्ष ने लोगों को अत्म निर्भर रहने की क्षमता में काफी हद तक इजाफा किया गया है। वही अन्य अपराधिक घटनाओं पर नजर दौड़ाई जावे तो नगर सहित क्षेत्र में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने तथा मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये उन्हें पुलिस द्वारा अपनी गिरप्त में लेने के साथ साथ इस अवैध कारोबार पर अंकुश में कुछ हद तक को सफलता मिली है वह उल्लेखनीय मानी जा रही है। मगर दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जाने गई जिसके चलते बीता वहां वर्ष 2024 उनके परिजनों के लिये सदा ही यादगार बना रहेगा। वही नगर पालिका के स्तर पर देखा जावे तो वर्ष के शुरू होने से लेकर अक्टूबर माह तक युवा नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में जहां शहर में विकास की गंगा बहती हुई देखी गई और अप्रैल माह में लोक सभा चुनावों के चलते विकास कार्यो पर विराम लगने के बाद अब वर्ष की विदाई बेला के दौरान फिर गति पकड़ते हुये देखा जाने लगा है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो नगर में अनेक प्रकार के खेल कूदों के चलते नगर में चहल पहल का महौल देखने मिला जिसके चलते नगर में आयोजित हुई शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के चलते एक इतिहास बनने से नही चूक पाया है और इस आयोजन के चलते नगर का नाम देश के कौने कौने तक पहुंच चुका है..? तो दूसरी ओर बीते हुये वर्ष में नगरवासियों सहित क्षेत्र में अनेक इस तरह के समाजसेवी लोगों को खोया है जिनकी कमी शायद की कभी पूरी नही हो पायेगी..? मगर बीता हुआ वर्ष 2024 के अंतिम माह ने अपना एक इतिहास जरूर रचा है जिसमें लोक सभा क्षेत्र को बदला हुआ सांसद मिलने के साथ बीता हुआ वर्ष 2024 के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने से नही चूकेगा...? इस प्रकार से बिदा हुये वर्ष 2024 के बाद आज 2025 में भी प्रवेश कर गया है और मगर किसानों के सामने पूर्व की तरह ही परेशानियों में जकड़ा हुआ देखा जा रहा है तथा आज से शुरू होने वाले वर्ष 2025 को लेकर किसानो सहित युवाओं ने अनेक प्रकार के सपने संजोते हुये उसके स्वागत की तैयारी की गई है।

## एटीएम के आभाव में राशि निकालने के लिए परेशान हो रही खुलरी क्षेत्रवासी

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को लाभ बैक के माध्यम से प्राप्त हो जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके और हर व्यक्ति शासन की योजना का लाभ अपने खाते के माध्यम से ले सके। मगर वही




दूसरी ओर देखा जा रहा है कि खुलरी क्षेत्र में स्थित बैक द्वारा अभी तक एटीएम की सुविधा प्रदान नही किये जाने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने के लिए भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? गौर किया जावे तो खुलरी में स्थिति भारतीय स्टैट बैक शाखा के माध्यम से खुलरी के आलवा ग्राम भौरझिर, घघरोला, पटना, भूमिया ढ़ाना, पिठहरा, सूरना, मुडिया, लिंगा, बिलोनी, बेहरा, तिगुवा, करहैया, सलैया सहित अनेक गांवों के उपभोक्ताओं द्वारा जहां प्रतिदिन लेनदेन किया जाता है, वही दूसरी ओर अनेक ग्राम पंचायतों के खाते भी यही के बैक से संचालित हो रहे है, मगर बैक शाखा द्वारा अभी तक अपने उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएम की स्थापना नही किये जाने की स्थिति में क्षेत्र के लोंगो को राशि निकालने के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि यदि किसी को अपनी राशि निकालना होता है तो वह सिर्फ बैक के कार्य दिवस व समय पर पहुंचता है तभी उसे राशि मिल पाती है, यदि अवकाश सहित अन्य समय किसी उपभोक्ता को राशि की जरूरत पड़ती है तो वह भटकने के लिए मजबूर देखा जाता है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र की जनता द्वारा ग्राम खुलरी में एटीएम स्थापना की मांग करते हुए यह सुविधा शीघ्र शुरू करने की गुहार लगाई जा रही है।

## नूतन वर्ष के स्वागत को लेकर युवाओं में देखने मिल रहा उत्साह, शांति व्यवस्था बनाने के लिये पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष चैकिंग अभियान







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

आज बुधवार से शुरू हो रहे नववर्ष 2025 को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाते हुये आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाकचौबंद व्यवस्था बनाई गई है। इस सुरक्षा व्यवस्था के दौरान शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही का मन बनाया गया है। बताया जाता है कि नववर्ष के दौरान संचालित होने वाली गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए नगर पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी साथ ही फिक्स प्वाइन्ट के साथ-साथ पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग भी की जा रही हे। नगर सहित क्षेत्र के अंतर्गत आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाकचौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि नगर की सड़को पर हुडदंग लीला मचाने वालों पर नजर रखने के लिये जहां तहां पाईट बनाते हुये पुलिस तैनात की गई जो निगरानी कर रही है। वही दूसरी ओर होटल, ढ़ाबों के आलवा रेल्वे स्टेशनों पर भी पुलिस द्वारा पैनी नजर रखे हुये है तथा वहां पर आने जाने वाले लोगों की खोज खबर ली जा रही है। इस तरह कल मंगलवार को दोपहर से लेकर देर रात तक पुलिस द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। वही थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार भ्रमण कर असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों पर सतत निगरानी रखी जा रही है साथ ही विभिन्न संवेदनशील स्थानों में फिक्स प्बाईन्ट लगाकर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की डियूटी लगायी गयी है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहन चैकिंग, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सार्वजनिक स्थलों की भी सर्चिंग की जा रही है एवं बाहर से आने-जाने वालों एवं संदिग्घों पर भी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही संपूर्ण जिला अंतर्गत हुड़दंग करने वालों एवं शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार से नगर निरीक्षक प्रियंका केवट द्वारा बताया गया नये वर्ष के दौरान तत्वों द्वारा की जाने वाली आवारा गर्दी को लेकर पुलिस पूर्णरूप से चौकसे रहते हुये कार्यवाही कर रही है तथा संदिग्धों पर पैनी नजर बनाये हुये है। कुछ इसी प्रकार से समीपस्थ पलोहा थाना प्रभारी अनिल भगत द्वारा बताया कि नये वर्ष के दौरान क्षेत्र में नर्मदा तटों पर भीड़ रहती है। इस बात का ध्यान रखते हुये पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सभी नर्मदाजी की तटों पर निगरानी करने के साथ दो पहिया वाहनों पर तीन सबारी बैठकर आने जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये पुलिस द्वारा अलग अलग जगहों पर पाईन्ट बनाते हुये मंगलवार को सुबह से ही देर रात लगातार चैकिंग अभियान चलाया गया।

## पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते फिर सक्रिय हुए मूक पशुओं का अवैध परिवहन करने वाले दलाल, क्षेत्र की सड़कों पर कुरूरता पूर्वक पशुओं का धडल्ले से हो रहा अवैध परिवहन





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से कुछ वर्ष पूर्व मूक पशुओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही करने का परिणाम यह देखने मिला था कि क्षेत्र में जहां पशुओं का अवैध रूप से परिवहन करने वालों में हडकंप मच गई थी। वही दूसरी ओर क्षेत्र के मार्गो से भी पशुओं को वाहन में भरकर ले जाने वालों की हिम्मत नही पड़ पा रही थी वह पशुओं के साथ कुरूर्रता करते हुये उनका परिवहन कर सके। मगर इस समय पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते फिर क्षेत्र की सड़को पर पशुओं का कूरूर्रता पूर्वक अवैध परिवहन धडल्ले से होते हुये दिखाई देने लगा है। बताया जाता है कि पशुओं का अवैध रूप से परिवहन करने वालों द्वारा पशुओं पर खुलेआम अत्याचार करते हुए उन्हें वाहनों में जबरन ठूंस ठूंस कर ले जाने वालों द्वारा जिस तरह से भरकर ले जाने वालों द्वारा पुलिस से जुगल बंदी करने के लिए कुछ दलाल भी सक्रिय किये गये है जो इस समय पुलिस के इर्द गिर्द घूमते हुए किसी भी प्रकार का नजराना पेश कर पुलिस अधिकारियों को अपनी बातों में गुमराह करते हुए मूक पशुओं का परिवहन करने वालों को छूट दिलाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? और शायद इसी का परिणाम है कि अब क्षेत्र की सड़को पर जहां खुलेआम पशुओं को कूरूरता पूर्वक भरे हुये वाहन नजर आने लगे है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में लगने वाले मवेशी बाजारों में क्षेत्र के मवेशियों के साथ बाहर के मवेशी विक्रय होने आते है, जिन्हें खरीदने के लिए क्षेत्र के किसान तो होते ही मगर वही बाहरी कुछ इस प्रकार के लोग भी इन मवेशियों को खरीदने के लिए आते है जो पशु बाजारों से पशुओं को खरीदने के बाद उन्हें कूररूरता पूर्वक वाहनों में भरकर सीधे कत्ल खाने ले जाते हुये देखे जाते है? इसी बात को ध्यान में रखते हुये कुछ वर्ष पहले पुलिस द्वारा मूक पशुओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ लगातार मुहिम चलाई गई थी और उस दौरान पुलिस द्वारा अनेक वाहनों को पकड़ने के बाद उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही के चलते मूक पशुओं का परिवहन काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर पशुओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही करने में बरती जा रही अनदेखी का परिणाम है कि कुरूर्रता पूर्वक पशुओं का परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद नजर आने लगे और वह क्षेत्र की सड़को से पशुओं से भरे हुये वाहनों को धडल्ले से निकलते हुये देखे जा रहे है। इतना नही इस प्रकार से मूक पशुओं पर अत्याचार करते हुए उनका अवैध परिवहन करने वालों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र में लगने वाले पशु बाजार में कुछ इस प्रकार के दलाल सक्रिय रहते है जो पुलिस के नाम पर इन बाहरी पशुओं के खरीददारों व परिवहन करने वालों को पुलिस से संरक्षण प्रदान कराने का भरोसा दिलाते हुए पुलिस के नाम पर मनमानी राशि ऐठने से भी नही चूकते है? इस बात की सच्चाई स्पष्ट नही हो पा रही है कि इन दलालों द्वारा बसूली जाने वाली राशि में पुलिस का हिस्सा होता है या फिर यह दलाल नुमा लोग पुलिस के नाम पर खुद ही इस प्रकार से मनमानी राशि बसूल कर रहे है, जिससे अनुमान लग रहा है कि निश्चित तौर से पशुओं के साथ हो रहे अत्याचार में कही न कही पुलिस की मिलीभगत व संरक्षणा का ही परिणाम है जिसके चलते उनके हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। यह पशुओं का अवैध परिवहन करने वालों को पुलिस का संरक्षण नही मिल रहा होता तो पुलिस कार्यवाही करने में पीछे दिखाई क्यों दे रही है? क्योंकि किसी भी अवैधानिक कार्य में यदि जिम्मेदार अधिकारियों का जब तक अवैध कारोबार करने वाले को संरक्षण नही मिल पाता है।



### सांईखेड़ा झिकोली मुख्य मार्ग के किनारे खड़ी गन्ना ट्राली बजा रही मौत का सायरन जाम की स्थिति के साथ दुर्घटना की बन रही संभावना

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** समीपस्थ तूमड़ा के पास संचालित शुगर मिल द्वारा गन्ना लेकर आने वाले वाहनों को खड़ा करने का उचित प्रबंध नही किये जाने का परिणाम है कि यह गन्ना ट्राली सांईखेड़ा से झिकोली जाने वाले प्रदेश स्तर के मुख्य मार्ग के किनारे खड़ी होने के कारण जहां दुर्घटनाओं को खुलेआम आमंत्रण देकर मौत का सायरन बजाने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर यहां पर दिन में अनेको बार जाम की हाल बनने से नही चूक पा रहे है..? क्योंकि यह मार्ग प्रदेश स्तर का होने के साथ साथ क्षेत्र को सीधे प्रदेश की राजधानी से जोड़ने वाला होने के चलते इस मार्ग पर दिन भर लम्बी दूरी सहित स्थानीय वाहनों का आना जाना बना रहता है। वही दूसरी ओर सैकड़ो की संख्या में डम्फर व हाईवा सहित एनटीपीसी के भारी भरकम ट्रालों की आवाजाही के चलते हाल यह बनते हुये देखा जा रहा है कि छोटे वाहनों का निकलना मुश्किल होने लगा है। इस स्थिति के बीच स्थानीय लोगों का इस मार्ग से आने जाने के दौरान पूर्णरूप से खतरा पैदा होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह सड़क किनारे खड़ी होने वाली गन्ना से भरी हुई ट्रालियों में वह ट्रालिया भी शामिल रहती है जो एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी रहती है। इन ट्रालियों के सड़क किनारे खड़े रहने की स्थिति में यहां से मात्र एक पट्टी के भरोसे चल रहे यातायात के दौरान यहां से निकलने वाले छोटे वाहनों को सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है और जब वाहन पूर्णरूप से आमने सामने की स्थिति में पहुंच जाते है तब तक वाहन की स्थिति बेकाबू होने के कारण दुर्घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? जबकि इस तरह शुगर मिल में गन्ना लेकर आने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को खड़ा करने के लिये शुगर मिल प्रबंधन को उचित प्रबंध किये जाने थें। मगर उनके द्वारा इस तरह कोई व्यवस्था नही किये जाने के चलते क्षेत्रवासी मौत के बीच यहां से आने जाने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### कबड्डी प्रतियोगिता में किकरा तालाब ने जीता मैच



**डिंडौरी।** करंजिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुसंडा में चल रहे कबड्डी प्रतियोगिता में सोमवार को बाहर से खेलने आएं टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने मिला। वहीं दर्शक दीर्घा में बैठे खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें नगद राशि भेंटकर उत्साह बढ़ाया। समिति के लालू धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को किकरातालाब और बरसोद के बीच रोचक मुकाबला देखने मिला जिसमें किकरातालाब की टीम ने दो अंक से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में खुद को बरकरार रखा। इन्होंने बताया कि दोनों टीम के बीच खेल के प्रारंभ से ही कड़ा टक्कर देखने मिला ए अंकों में भी बहुत ज्यादा अंतर नहीं रहा खिलाड़ियों के जोश भरे प्रदर्शन से कौन टीम जीतेगा पूर्व अंदाज लगाना मुश्किल था बहरहाल दोनों टीम के बीच अंतिम समय तक संघर्ष चलता रहा दर्शकों ने भी खूब मनोरंजन किया।मैच के दरमियान निर्णायक की भूमिका में प्रदीप कुमार एकामेंटरी में जयपाल मरावी और शैलेन्द्र ने दायित्व निभाया।

### दो दिवसीय मढ़ई मेले का आयोजन

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भुसंडा में एक जनवरी से दो दिवसीय मढ़ई मेले कि आयोजन किया गया हैं। ग्राम के जी आर एस लोकराम मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय नागरिकों की सहमति से यह यहां प्रतिवर्ष साल के प्रथम दिन मढ़ई और नववर्ष मिलन का आयोजन किया जा रहा इस बार दो दिवसीय आयोजन का कार्यक्रम तय किया गया हैं एहम सभी व्यापारी बंधु तथा क्षेत्रीय जनों से मढ़ई में पहुंचने की अपील करते हैं।

### नारायणी महिला संगठन शहपुरा द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण

**शहपुरा।** नगर की समाजसेवी संस्था



नारायणी महिला संगठन द्वारा प्रा शाला बनवासी मोहल्ला एवं बेसिक स्कूल के शहपुरा के 120 बच्चों को गर्म कैप मोजे एवं 12 जरूरमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किये गए गर्म टोपे एवं मोजे पाकर विद्यार्थी बहुत खुश हुए।इस सराहनीय कार्य के लिए विद्यालय परिवार की ओर से संगठन को धन्यवाद दिया गया। विदित हो कि नारायणी महिला संगठन द्वारा समय समय पर साहित्यिक सांस्कृतिक सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों वृक्षारोपण कन्या वंदन गरबा महोत्सव का आयोजन संगठन सदस्यों एवं जनसहयोग से करते हैं।

### बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण का लिया आंनद

**अमरपुर।** विकासखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास विद्या मंदिर हाई



स्कूल अमरपुर के बच्चों को विगत दिवस शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस संबंध में संस्था के संचालक अरविंद यादव ने बताया कि स्कूल प्रबंधन के निगरानी में बच्चों को छत्तीसगढ़ स्थित बमलेश्वरी माता का दर्शन कराया गया। जहां पर बच्चों को स्थापित मंदिर की जानकारी दी गई। भ्रमण का बच्चों ने खूब आनंद लिया। साथ ही यह भी बताया कि पढ़ाई के साथ साथ शैक्षणिक भ्रमण भी जरूरी हैं। इस मौके पर संस्था प्राचार्य एस एस मंसूरीए सहायक शिक्षक तेजलाल यादवए शिक्षक व्ही पी बेलियाए खिलावन यादवए कमल मरावीए राम कुमार यादवए जगदीश ठाकुरए हरवंश धुर्वेए सुभाष चंदेलए रामेश्वर परस्तेए सहायक शिक्षिका नेहा पुसार्वेए मानसी यादवए सीता सरोतेए अंजना साहूए छोटेलाल यादव एवं संस्था के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### ग्राम भाखा माल में तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**अमरपुर।** नववर्ष के सुअवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आदर्श क्लब नवयुवक मंडल ग्राम भाखा माल विकासखंड अमरपुर में 1 जनवरी से 3 जनवरी तक तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें 350 रुपए एंट्री फीस 2 जनवरी 2 बजे तक फोन के माध्यम से जमा कर टीमें में भाग ले सकते हैं।

# ओवरलोड वाहनों को बाजार के दिन किया जाए प्रतिबंधित

## दूर से किया जाए यात्री बसों और ऑटो टैक्सी का संचालन

करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में साप्ताहिक बाजार के दिन ओवरलोड वाहनों को बाजार परिसर के अंदर से गुजरने में रोक लगाने की मांग अब स्थानीय नागरिक करने लगें हैं इनका मानना हैं कि बाजार के दिन भारी वाहनों से यातायात बाधित और जाम लगना आम हो रहा हैं

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।





ऐसे में बेहतर यही होगा कि जब तक बाजार का समय रहें तब तक वाहनों को कस्बा के बाहर उपयुक्त स्थान पर ही रोक दिया जाएं दूसरा आवागमन को सुचारू रूप से चलाने के लिए यात्री बसों और आटो टैक्सी वाले को कस्बा से कुछ दूरी पर स्थान चिह्नित कर दिया जाएं यह वहीं से सवारियों को उतारे और चढ़ाये ताकि यातायात बाधित न हो लिए कस्बा से दूर स्थल चयन कर दिया जाएं ताकि आवागमन में सुचारू रूप से चलता रहें। कस्बावासियों का कहना हैं कि माल वाहकों के जमावड़ा से लगने वाले जाम और अराजक यातायात के दबाव से आमजनों की परेशानी दिन ब दिन बढ़ती जा रही हैं किंतु सुधार की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा जिम्मेदार गंभीर नहीं दिखते इसलिए वाहन चालकों समेत राहगीरों को आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं गौरतलब हैं कि गोरखपुर कस्बा दूर दूर तक क्षेत्रों में निवास करने वाले आमजनो का वर्षो से प्रमुख व्यवसायिक केंद्र होने के साथ साथ सामाजिक और आर्थिक कामों से लेकर अन्य सुविधाओं के दृष्टिगत केंद्र बिंदु है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है।यह सभी बाजार परिसर के अंदर वाहनों की पार्किंगए शुद्ध पेयजलए शौचालयएऔर साफ सफाई के साथ सारी व्यवस्थाएं चाहते हैंएजो वर्तमान में हैं नहीं लिहाजा अन्य संसाधनों के पूर्ति के साथ इन समस्याओं को भी दूर करने की मांग कर रहे हैं

### ओवरलोड वाहनों से खतरा

साप्ताहिक बाजार के दिन सबसे ज्यादा डर दमेहढ़ी मार्ग पर लगता हैं। यहां पटरियों पर दुकानें लगने से वाहनों के आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता और रेत और गिट्टियों से भरे ओवरलोड हाइवा डंपर दिनभर धमाचैकड़ी मचाते रहते हैं ऐसे में इनके चपेट में आना का डर बना रहता हैं। क्षेत्रवासियों की मांग कस्बा के बाजार पर अनुपपुर जिले के गांवों से भारी संख्या में लोग आते हैं इसलिए सोमवार के दिन जब तक बाजार का संचालन का समय तब तक भारी वाहनों को बाजार परिसर के बीच से गुजरने में प्रतिबंध लगाया जाएं ताकि आमजन भयमुक्त होकर खरीदी बिक्री हेतु आना जाना कर सकें।

### सभी मार्गों पर आवागमन की समस्या

कस्बा के साप्ताहिक बाजार के कारण सड़क के दोनों ओर का पूरा बाजार परिसर व ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाला मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है।खासकर दमेहढ़ी और भलखोहा जाने वाले मार्ग पर छोटे छोटे व्यापारी अपनी दुकानों को सड़क पर लगा लेते हैं कस्बा के लोगों ने बताया कि वर्तमान में लोगों ने सड़क के दोनों ओर की पटरी को अवैध ढंग से अतिक्रमण कर यातायात में अवरोध पैदा किया जा रहा हैं। आवागमन को अवरूद्ध करने में बीच सड़क पर हाथ ठेला में दुकान सजाने वालों की भागीदारी हैं दरअसल ये बीच सड़क में ठेला लगाकर सामग्रियों का विक्रय करते हैं जहां से वाहनों को आना जाना नहीं हो पाता। परिणामस्वरुप चालकों और दुकानदारों के बीच वाद विवाद होना आम बात हैं। कस्बा के नागरिक बताते हैं कि वैसे तो हाइवे सहित सभी पहुंच मार्गों पर आवागमन की तकलीफ हैए लेकिन साप्ताहिक बाजार के दिन यह दोगुना हो जाता है।



# बेलगाम बोलेरो वाहन ने गाय को मारी जोरदार टक्कर

## गाय की इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी

जिला के शहपुरा नगर में बीती रात एक बेलगाम बोलेरो वाहन ने तेज रफ्तार के साथ गाय को जोरदार टक्कर मारते हुए मोहल्ले के ही कुछ लोगों के सीढीओ को तोड़ दिया मोहल्ले वासियों ने तत्काल बोलेरो वाहन दव ड्च52 ठ। 0335 को खड़ा करवा तत्काल शहपुरा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची शहपुरा पुलिस ने बोलेरो वाहन और वाहन चालक को शिकायत के दौरान मामला कायम किया घायल अवस्था में पड़ी गाय को राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन और बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा पशु चिकित्सालय की डॉक्टर को सूचित कर गाय का इलाज कराया गया लेकिन सुबह तक गाय की मौत हो गई राष्ट्रीय हिंदू सेवा संगठन और बजरंग दल के सदस्यों ने वाहन चालक के ऊपर पुलिस प्रशासन से अनुरोध करते हुए कड़ी कार्यवाही के लिए अनुरोध की गईए इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन की संभाग अध्यक्ष कुपेश नामदेव जिला अध्यक्ष देवलाल उसराठे नगर अध्यक्ष हरिलाल यादव और बजरंग दल के गौ रक्षक रूपेश गुप्ता मोहित कारपेंटर विक्की सोनी एवं अन्य सदस्य गढ़ उपस्थित रहे सभी सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

# मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त 30 आवेदनों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 30 आवेदन प्रस्तुत किएए जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पायाए उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौरए अपर कलेक्टर सरोधन सिंहए एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम खाम्हा के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान के लिए भवन निर्माण की मांग की। उक्त आवेदन का निराकरण करने हेतु सीईओ जनपद पंचायत समनापुर को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार से ग्राम डुंगरिया से डारम सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम पंचायत डुंगरिया में वर्ष 2017.18 में स्वीकृत हुए सीसी रोड व नाली निर्माण की राशि का आहरण कर लिया गया है और रोड व नाली का निर्माण नहीं किया गया है। बच्चों को आंगनबाड़ी आने.जाने में परेशानी होती हैए अतः उन्होंने सड़क निर्माण की मांग की। ग्राम पंचायत पलकी रैण अंतर्गत ग्राम करनपुरा के ग्रामवासियों ने भू.राजस्व अंतर्गत खसरा नंण 165 की जमीन को वन विभाग से वापस दिलाने हेतु ओवदन प्रस्तुत किया। शहपुरा निवासी शिवकुमार पिता दमरीलाल ;फौतद्ध वारसान अरविंद कुमार साहू ने उसकी भूमि पीडब्ल्यूडी रोड में समाहित होने पर अन्य शासकीय भूमि आवंटित करने या मुआवजा की मांग की। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर निवासी भगवत प्रसाद झारिया ने मजदूरी भुगतान कराने की मांग की। घानाघाट निवासी नारायण सिंह ने जमीन से अवैध कब्जा हटवाने हेतु आवेदन किया। ग्राम पंचायत धमनगांव के ग्राम गोरखपुर के व्यक्ति की मृत्यु होने पर पंचायत द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने के संबंध में परिजनों ने आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर हर्ष सिंह ने सीईओ जनपद पंचायत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। राजस्व विभागए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागए जल संसाधन विभागए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागए जनजातीय कार्य विभागए स्वास्थ्य विभागए विद्युत विभागए श्रम विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजलए भूमि सीमांकनए प्रधानमंत्री आवास योजनाए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजनाए उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौरए अपर कलेक्टर सरोधन सिंहए संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्लाए एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगनए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान उपार्जन की समीक्षा

कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिले में हो रहे धान उपार्जन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सर्वेयरए बारदानाए पेयजलए मापतौल कांटा सहित अन्य अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि खरीदीए भण्डारण और परिवहन का कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि सभी 33 केन्द्रों में उपार्जन कार्य किया जा रहा है। 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जन के विरूद्ध 19 हजार मीट्रिक टन से अधिक का परिवहन किया जा चुका है। कलेक्टर सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा कि उपार्जन के दौरान अधिकारीगण निरीक्षण करेंए उन्होंने कहा कि परिवहन त्वरित करवाएं मौसम के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

### राजस्व महाअभियान 3ण्0 की समीक्षा

कलेक्टर हर्ष सिंह ने राजस्व महाअभियान 3ण्0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा कर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरणए नक्शा तरमीमए पीएम किसानए आधार लिंकिंगए परंपरागत रास्तों का चिन्हांकनए फार्मर रजिस्ट्रीए स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन का कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने नक्शे के बटांकनए आधार से लिंकिंग के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में गति बढ़ाएं प्रगति न होने की स्थिति में संबंधित तहसीलदार जिम्मेदार होंगें। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ लक्ष्य को पूरा करें।



# फाइनल मुकाबले में मेकल मंडला ने वाईएससी अमरपुर को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में स्वण लोकमन साहू खेल मैदान में विगत 11 दिसंबर से आयोजित टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में वाईएससी अमरपुर एवं मेकल मंडला के मध्य मैच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए वाईएससी अमरपुर सलामी बल्लेबाज पीतांबर मरावी बिना खाता खोले बगैर आउट हो गए वहीं अमजद खान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके ओर वह भी आउट हो गए। इससे बाद लकी अली के संघर्षपूर्ण 21 रनए भगवान सिंह परस्ते के 20 रनए राहुल जायसवाल के 12 रन शाहिद तुर्क व प्रवीण बर्मन ने 11.11 रनों की बदौलत 19ण्5 ओवरों से महज 98 रनों पर ही सिमट गई। मेकल मंडला टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए भानू ने शानदार 4 विकेट हासिल किएए राहुल उईके ने 2 विकेट एवं प्रभात कुमारए मोहित जावा और बसंत ठाकुर ने 1.1 विकेट हासिल किए। वहीं जबाबी पारी खेलने उतरी मेकल मंडला की शुरुआत भी काफी खराब रही और उनके महत्वपूर्ण 5 विकेट 40 रनों पर आउट हो गए। एक समय लग रहा था कि वाईएससी अमरपुर अब पूरी तरह से मैच पर अपना शिकंजा बना लिया हैं। परंतु अथर्व महराज ने सुझबूझ से खेलते हुए 34 गेंदों पर 7 चौके व 2 छक्के की मदद से नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली वहीं राहुल जैक्सन अपने टीम के लिए 24 रन एवं शिवांशु तिवारी 10 रनों की मदद से 12ण्5 ओवरों में 104 रन बनाकर 3 विकेटों से यह फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिए। विजेता टीम मेकल मंडला को 31 हजार रुपए नगद व कप एवं उपविजेता टीम वाईएससी अमरपुर को 15 हजार रुपए नगद व कप प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबला में बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए मेकल मंडला के भानू 4 विकेट हासिल किए। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं मेन ऑफ दा सीरीज का पुरस्कार वाईएससी अमरपुर के अमजद खान को 3100 रूपए नगद व शील्ड दिया गया। वहीं बेस्ट बोलर प्रदीप वनवासी एवं बेस्ट कैंचर अमजद खान को चुना गया। जिन्हें आयोजन समिति अध्यक्ष शिखर चंद्र चंद्रौलए संरक्षक थाना प्रभारी समनापुर कामेश कुमार धूमकेतीए ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे एवं अन्य अतिथियों के पुरूस्कार द्वारा दिया गया। इस फाइनल मैच में एम्पायर की भूमिका में पुरूषोत्तम ठाकुर एवं विजय उसराठे रहे। वहीं स्कोरिंग शिवम वनवासीए प्रहलाद कुमार व केमेट्ररी के के उसराठे द्वारा किया गया।

# बीएसडब्ल्यूध्एमएसडब्ल्यू कक्षाओं में साइबर जागरूकता की दी गई जानकारी

**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम बीएसडब्ल्यूध्एमएसडब्ल्यू के कक्षाओं के दौरान शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में पुलिस चौकी अमरपुर से एएसआई अशोक कुमार उसराठेए प्रधान आरक्षक गंगाराम यादव द्वारा ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के तरीके और उनसे सतर्क रहने के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि मोबाइल का उपयोग जहां उपयोगिता हो वही पर उसका उपयोग किया जाएं। अन्यथा व्यर्थ के लुभावने मैसेजए कॉलए फेसबुकए फोटोए एपीके जैसे लिंक पर अनावश्यक रूप से प्रयोग ना करते हुए इससे सतर्क रहने के साथ साथ लोगों को भी जागरूक करने हेतु कहा गया। साथ में अपने परिवारए ग्राम के लोग तथा अपने दोस्तों एवं चित परिचित लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने को कहा गया यदि अज्ञान बस किसी फ्रॉड के जाल में फंस जाते हैं तो ऑनलाइन कॉल सेंटर 1930 या संबंधित नजदीकी पुलिस थाने में अतिशीघ्र शिकायत दर्ज कराने हेतु कहा गया। साथ में महिला अपराधए नशा मुक्ति के संबंध में भी जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के



विकासखंड अमरलाल धुर्वेए मेंटर्स तिलक सैयामए राधे श्याम बनवासीए अशोक यादवए लाल सिंह ठाकुरए मनोज कुमार तंतुवायए राकेश कुमार मरावी तथा छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नव वर्ष पर आज होंगे जगह जगह आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** नूतन वर्ष अभिनंदन को लेकर आज युवा वर्ग पिकनिक पार्टी के साथ सभी अपने अपने अंदाज में मनायेंगे। कोई धार्मिक स्थलों पर जायेंगे तो पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचकर पिकनिक पार्टी करेंगे। बाहर जाकर होटलों रेस्टारेंजों में पहुंच कर खुशी का इजहार करेंगे। अपने अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ शुभचिंतकों को शुभकामना संदेश भेजकर बधाईयां प्रेषित करेंगे।31 दिसंबर की अर्धरात्रि में ही युवा आतिशबाजी कर नूतनवर्षाभिनंदन करेंगे।

### सुंदरकांड पाठों का होगा आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** नया साल हर्षोल्लास पूर्ण अंदाज में बगैर किसी विघ्न बाधा के व्यतीत हो को लेकर आज नगर के धार्मिक स्थलों पर धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित गांधी चौक के सामने तरफ हनुमान मंदिर दादा दरबार में प्रत्येक वर्ष की भांति 108 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया जाएगा। तथा रात्रि में समापन बेला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा एवं महाआरती के साथ समापन होगा। वहीं नगर के हरसिद्धि मंदिर परिसर क्षेत्र में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया जाएगा।

### हरसिद्धि मंदिर में महाआरती

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के विख्यात प्रतिष्ठित सिद्ध शक्तिपीठ मां हरसिद्धि मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति शाम सात बजे से महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समीतियों द्वारा सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

### शरारती तत्वों पर पुलिस रख रही पैनी नजर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नव वर्ष पर असमाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग तथा विविध प्रकार के आयोजन कर लोगों को परेशान किया जाता है साथ ही शराबखोरी की जाती है। नव वर्ष के दो दिन पूर्व ही पुलिस ने चैकसी बढ़ा दी तथा पुलिस का विशेष अभियान प्रारंभ कर दिया गया। आमजनों की सुरक्षा हेतु चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात, शरारती तत्वों पर रहेगी। पुलिस की पैनी नजर रखे हुये है संदिग्धों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के भी चालान काटे जा रहे है एवं संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग के दौरान ढाबा से 25 पाव देशी शराब पकडी गयी। ढाबा संचालक आशीष साहू के विरूद्ध अपराध क्रमांक 457/2024 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट पंजीवद्ध किया गया है। नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए नरसिंहपुर पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाकर थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार भ्रमण कर असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही विगत दिवस संपूर्ण जिला अंतर्गत संदिग्धों पर कार्यवाही करते हुए 27 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है। नियम विरूद्ध वाहन चलाते पाये जाने वाले 118 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए चालान काटे गए जिनसे 43100 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है।

## प्रशासन के नियमों को धता दिखा रहा मेला संचालक

# शिल्प मेले के नाम पर चल रहा कारोबार





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिनों से स्थानीय जनपद मैदान में शिल्प मेला प्रदर्शनी लगाकर सामग्रियों का विक्रय किया जा रहा है। वही मनोरंजन के लिये विविध प्रकार के झूले आदि लगाकर बच्चों को लुभाने का कार्य किया जा रहा है। मेले में बेचे जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता का कोई प्रमाणीकरण भी नही है। मेले में कपड़ो के साथ खाने पीने की सामग्रियों का भी विक्रय किया जा रहा है। वही प्रशासन द्वारा उक्त ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। मेला संचालक द्वारा गिलास गिराना, बंदूक चालना, रिंग फसाने का खेल भी खिलाया जा रहा है। जो जुंआ की श्रेणी मे आते है।

### खान पान की सामग्री जांच योग्य

मेले में दुकानदारों द्वारा विविध प्रकार की खाने पीने की सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। जिसकी निर्माण तिथि एवं खराब होने की तिथि भी अंकित नही की गई। मेला संचालक द्वारा धड़ल्ले से कपड़ों का विक्रय किया जा रहा है जिसकी ना कोई गारंटी है और ना कोई टैक्स के प्रमाण है लोगो को लोभयुक्त बातों मे फसाकर कम दाम में कपड़ा दिये जाने की बात भी कही जाती है। शासन के नियमों को भी धता दिखाया जा रहा है। ऐसी अनेक विषंगति बनी हुई है वही प्रशासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। वही खाने पीने की सामग्रियों पर शासन की गाइड लाइन का टैग भी अंकित नहीं किया गया है।

### ठगा महसूस कर रहे लोग

जनपद मैदान में लगाये गये मेले मे जाने के बाद लोग ठगा सा महसूस कर रहे है। मेले मे मिलने वाली सामग्री की गुणवत्ता भी उचित नही है तथा व्यापारिक मेले के अनुसार व्यवस्थायें नही है। मेला संचालक द्वारा लोगो को भ्रमित कर सामग्री का विक्रय कराया जा रहा है। मेला संचालक द्वारा किसी भी दुकान पर प्रशासन के नियमानुसार कोई व्यवस्थायें नही दी गई। जबकि कपड़ा दुकानों चैंजिंग रूम पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था तथा शुलभ व्यवस्थायें होना अनिवार्य है यहां पर खाने पीने की सामग्री भी व्यवस्थित नही एवं पीने के पानी व शुलभ की कोई व्यवस्था नही प्रशासन को चाहिये की जांच कर ठोस कार्रवाई करे।

### किसी भी सामग्री की नही है गारंटी

मेले मे बिकने वाली किसी भी सामग्री की कोई गारंटी व वारंटी नही है कई दुकानों पर यह लिखा हुआ है कि बिका हुआ माल वापिस नही होगा और ना ही बदला जायेगा। जबकि दुकानदार को माल सही सलामत होने पर वापिस करना होता है। लेकिन मेले मे ऐसी कोई व्यवस्था नही है। जबकि दुकानदारों कहां के है सामग्री की क्या वैद्यता है यह स्पष्ट होने चाहिये। कही ऐसा तो नही कि चोरी का माल मेले में बेचा जा रहा हो क्योंकि कम दाम मे चोरी का माल ही बिकता है। दुकानदार यदि कम कीमत मे सामग्री का विक्रय कर रहा है तो कई संदेहो को जन्म देता है।

### धड़ल्ले से चल रहा जुआं

मेला संचालक द्वारा लोगो को पैसे फसाने के नाम पर रिंग चलाने का काम किया जा रहा है। जो कि जुंआ की श्रेणी मे आता है। वह खेल जिसमे नगद व उपहार प्राप्त होते एवं प्रतिभागियों के बीच प्रतिद्वंदता नही है वह जुंआ की श्रेणी मे आते है यदि दो प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जाता है जिसमे कोई एक जीतता है वह खेल व मनोरंजन कहलाता है जिसमे नगद व उपहार मिलता है वह जुंआ कहलाता है पुलिस को चाहिये की जांच कर उक्त जुंआ को बंद कराये। नगर में आयोजित होने वाले मेलों मे इस प्रकार के अपराध युक्त खेल नही होने चाहिये जिससे जिले मे शांति व्यवस्था कायम रह सके।

### इनका कहना है

मेले में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। जो कि कानून के नियमों अनुसार नहीं है। प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिये।

**अभिषेक शर्मा, अधिवक्ता एवं प्रदेश सचिव कांग्रेस**

## पोकलैंड व पंडुबियों से किया जा रहा रेत खनन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे रेत खनन के कारोबारियों पर विराम नही लग पा रहा है। जबकि शासन द्वारा रेत खनन का ठेका विंध्य वासिनी माइनिंग कंपनी को दिया गया है जो जिले की अधिकृत खदानों से शासन के नियमानुसार रेत का खनन कर रही है वही जिले के कुछ अवैध खनन कारियों द्वारा कंपनी तथा प्रशासन की आंखों मे धूल झोंक कर नर्मदा नदी से रेत का खनन कर रहे है। ऐसा ही मामला नर्मदा नदी के मुर्गाखेड़ा व अमोदा खदान का सामने आया जहां पर अवैध खनन कारियों द्वारा पोकलैंड मशीन व पनडुबियों के माध्यम से रेत खनन किया जा रहा है। प्रशासन को चाहिये की उक्त अवैध खनन कारोबारियों पर कार्रवाई कर नर्मदा नदी मे हो रहे अवैध खनन को बंद कराया जाये जिससे शासन को राजस्व की हानि ना हो सके।

### जनसुनवाई में आये 86 आवेदन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के आयोजित जनसुनवाई हाल में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 86 आवेदन आये।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों व 6 जनपद पंचायतों में क्लस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एक जनवरी को नगर परिषद तेंदूखेड़ा के डेलन शाह वार्ड के लिए शासकीय प्राथमिक शाला जामुनपानी वार्ड क्रमांक 14 में शिविर लगाया जायेगा। इसी तरह एक जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोगावरी, पिपरिया व खमरिया- नारिया, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत उमरिया व नेगुंवा, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रमपुरा व करताज, जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इमलिया व भामा के संबंधित ग्राम पंचायत भवन में और जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गांगई व सिल्हेटी के पंचायत मुख्यालय में शिविर लगाये जायेंगा।

## पुलिस का सहयोग करने वाले हुए सम्मानित



**तेंदूखेड़ा** अपनी दैनिक गतिविधियों में से समय निकालकर दूसरे की भलाई और सहायता करना एक महत्वपूर्ण विषय हुआ करता है। नरसिंहपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के द्वारा जिले में नवाचार प्रस्तुत करते हुए कुछ ऐसे ही लोगों को तेंदूखेड़ा पुलिस थाना अनुभाग के अंतर्गत आने वाले थाना सुआतला की बरमान पुलिस चौकी परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें तेंदूखेड़ा सुआतला और पलोहा थाने क्षेत्र के पुलिस का सहयोग करने सेवा भावी लोगों को पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक ने लोगों से आग्रह किया कि आने वाले समय में पुलिस का सहयोग करिये बगैर जनसहयोग से कुछ संभव नहीं है।नूतन वर्षाभिनंदन करते हुए हम सेवा भावी गतिविधियों में संलग्न रहते हुए अच्छे काम करें। यदि पुलिस के द्वारा अनभिज्ञता वश कोई भूल चूक होती है तो माफ करते हुए सहयोगी भावना से मिलकर काम करें। इसके पूर्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मधुर पटैरिया ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर काफी विस्तार से प्रकाश डालते हुए आस्थामूलक कार्य करने पुलिस द्वारा समय-समय पर व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिशा में गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है लोग नशा त्यागें।शिकायत पेटी के माध्यम से लोगों के सुझावों के साथ साथ अपराधिक गतिविधियों को जानने की दिशा में भी अभिनव पहल की जा रही है। समारोह में सुआतला पलोहा बरमान चौकियों के प्रभारियों की उपस्थिति रही तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया गया। सभी लोगों को पुष्प माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सुआतला थाना प्रभारी बी एल त्यागी बरमान चौकी से आशीष बोकचे तेंदूखेड़ा से संजय ठाकुर एवं पलोहा से आरक्षक प्रताप सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।तेंदूखेड़ा से श्री राजीव अग्रवाल श्रीमती रोमी मालवीय पूजा सोनी राजीव श्रीवास्तव आशीष साहू शुभम यादव दुर्गेश कुमार आकाश रैकवार सम्मानित हुए।

## सर्दी ने बताया अपना प्रभाव

तेंदूखेड़ा बीते दिवस तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में हुई वारिस के उपरांत मौसम खुलते ही क्षेत्र में ठंडक ने अपना प्रभाव बताना शुरू कर दिया है।सर्दी के चलते जहां सुबह देर से मार्केट खुल पा रहा है वहीं शाम को भी जल्दी मार्केट बंद होने लगा है।लोग गर्म कपड़ों तथा आग का सहारा ले रहे हैं। तथा दुकानों के सामने दुकानदार सामूहिक रुप आग जला कर तापते हुए देखे जा रहे हैं। लोगों ने प्रतिवर्ष की भांति नगर के मुख्य स्थलों पर अलाव लगाने की मांग की है।

### झील क्षेत्रों में अरहर और सब्जियों में तुषार लगने की अशंका

इन दिनों चल रही सर्द बर्फीली हवाओं के साथ कड़ाके की सर्दी से ग्रामीण क्षेत्रों में झील क्षेत्रों में अरहर फसल के साथ साथ हरी सब्जियों में भी आलू भटा टमाटर में भी पाला तुषार लगने की अशंका बनीं हुई है।

### शीतलहर से पाला से बचाव की जरूरत

शीतलहर व अधिक ठंडी के कारण फसलों में पाला पड़ने की संभावना को देखते हुए कृषि अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है। फसलों में पाला लगने की संभावना जनवरी के महीने में रहती है। पाला के प्रभाव से प्रमुख रूप से टमाटर बैंगन आलू फूलगोभी मिर्च धनिया पालक अरहर मसूर चना तथा कुछ मात्रा में गेहूं आदि के प्रभावित होने की ज्यादा संभावना रहती है। पाला से फसलों के बचाव के लिए किसानों को रात्रि 10 बजे से पहले दिन में सिंचाई अवश्य करें। फसलों में सिंचाई रात्रि के दूसरे तथा तीसरे पहर में नहीं करें। पाला की आशंका होने पर फसलों तथा उद्यान की फसलों में घुलनशील गंधक 80 प्रतिशत डब्ल्यूपी का दो से ढाई ग्राम मात्रा को प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर डेढ़ से दो सौ लीटर पानी में घोलकर फसलों के ऊपर प्रति एकड़ की दर से छिडकाव करें। इससे दो से ढाई डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढने से काफी हद तक पाला से बचाया जा सकता है। फसलों में पाले की आशंका होने पर थायो यूरिया का 0.5 ग्राम मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल की दर से छिडक़ाव करने से भी पाला से काफी हद तक फसलों को बचाया जा सकता है। प्रत्येक अवस्था में पानी की मात्रा प्रति एकड़ डेढ़ से दो सौ लीटर अवश्य रखें। पाला से सबसे अधिक नुकसान नर्सरी में होता है। इसलिए रात्रि के समय नर्सरी में लगे पौधों को प्लास्टिक की चादर से ढक करके बचाया जा सकता है। ऐसा करने से प्लास्टिक के अंदर का तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है। जिसके कारण तापमान जमाव बिंदु तक नहीं पहुंचता है और पौधे पाला से बच जाते हैं। यह तकनीकी कम क्षेत्र के लिए उपयोगी है। जिन किसानों ने एक से 2 वर्ष के फलदार पौधों का अपने खेतों में वृक्षारोपण किया हो उन्हें बचाने के लिए पुंआर घास-फूस आदि से अथवा प्लास्टिक की सहायता से ढककर बचायें। प्लास्टिक की सहायता से क्लोच अथवा टाटिया बनाकर पौधों को ढक देने से भी पाला से रक्षा होती है। इसके अलावा थालों के चारों ओर मल्चिंग करके सिंचाई करते रहें। फरवरी माह तक अधिक ठंड पड़ने के कारण पशु तथा बछड़ों आदि को भी रात्रि के समय घरों के अंदर बांधे तथा उन्हें बोरे तथा जूट के बोरे तथा टाट-पट्टी से ओढ़ाकर ठंड से बचायें। इसी प्रकार मुर्गी, बकरी के घर को भी चारों तरफ से पॉलीथिन की सीट या टाट-पट्टी आदि से बांधकर ठंडी हवाओं से चारों तरफ से बचायें। छोटे किसान जहां पर खेतों का क्षेत्रफल कम हो वहां मध्यरात्रि के बाद मेड़ों के ऊपर उत्तर तथा पश्चिम की तरफ घास- फूस आदि में थोड़ा नमी बनाकर जलाकर धुंआ करें।

## नववर्ष के स्वागत जशन में हुड़दंग करना पड़ेगा भारी



**गोटेगांव** -थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के काटे जाएगें चालान। वहीं नव वर्ष के दृष्टिगत विशेष चेकिंग चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना क्षेत्र में शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी।नगर निरीक्षक थाना प्रभारी प्रदीप सराफ ने अपील की कहा सजगता में ही सुरक्षा है,आगामी नव वर्ष का जश्न मनाते समय इस बात का ध्यान रखे कि आपके द्वारा वाहन चालन से शहर में यातायात व्यवस्था बाधित न हो,शराब के नशे में एवं तीन सवारी वाहन न चलाएं इसकी वजह से दुर्घटनाओं की संभावना बढ जाती है। उन्होंने बताया नव वर्ष के जश्न को लेकर लगातार पुलिस टीम के द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है एवं बैरिकेट कर वाहनों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा ''सजगता में ही सुरक्षा है'' गोटेगाव पुलिस सदैव आपकी सेवा और सहायता के लिए तत्पर है।

## नगर में कालाबाजारी शुरू

**बजट आने के पूर्व ही व्यापारियों ने ज़सिों बढ़ाए दाम**



### मनमानी से चल रहा व्यापार

**गोटेगांव**-विगत कई दिनों से गोटेगांव के बाजारों की दुकानों में देखा जा रहा है कि दुकानदारों ने जनवरी में सरकार द्वारा बजट की घोषणा से अपने द्वारा बेची जा रही सामग्री के बेवजह ही दाम बढ़ा दिए हैं और जनता को सामग्री बढ़ा चढ़ा कर बेची जा रही है चाहे कोई भी वस्तु हो व्यापारियों का कहना है कि अमुक वस्तु के दाम बढ़ गए है या मिल ही नहीं रही है लिहाजा व्यापारियों ने बजट के पूर्व ही अपनी अपनी गोदामों में माल जमा कर रखा है जिससे जींसों को दाम बढ़ा कर बेचा जा रहा है।जनता परेशान है वहीं छोटे छोटे व्यापारी जो रोज सामग्री लेकर बेचते हैं तो वह भी अच्छा खासा परेशान होते नजर आने लगे है अभी तो बजट आने में काफी समय है परंतु किसी अधिकारी की नजर इस ओर दिखाई नहीं पड़ती जिससे समझा जाने लगा है इन सामग्री को बढ़ा कर बेचने में और स्टॉक जमा करने में अधिकारी का हाथ भी जान पड रहा है ।शासन से जनता ने आग्रह किया है कि व्यापारियों का जमा माल की कालाबाजारी ना हो ऊंचे दामों पर बिकने के पहले ही प्रतिष्ठानों पर छपा मारकर जमा माल का पर्दाफाश करें जमा माल मे बीड़ी,सिगरेट,गुटखा एवं के अन्य सामग्री भी शामिल है शासन ध्यान दे।

## मुआर रोड पर लगे बिजली के खंबे झुके, दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण





**गोटेगांव**-स्थानीय तहसील के अंतर्गत ग्राम मुआर पहुंच मार्ग के किनारे लगे हुए बिजली विभाग के खंभे पूरी तरीके से झुक चुके हैं और यह एक खंभे ही नहीं झुका करीबन 8 से 10 विद्युत लाइन के खंबे है पूरी तरह से आड़े-तिरछे हो चुके हैं,विदित हो इसी मार्ग से मां नर्मदा जी का मुआर घाट पड़ता है जहां से आसपास के ग्रामवासियों का आवागमन लगा रहता है वहीं श्रद्धालु मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन,स्नान ध्यान करने आते जाते रहते हैं। आवागमन के हिसाब से इस मार्ग पर अत्यधिक आवाजाही बनी रहती है,उक्त बिजली के खंभे बिल्कुल सड़क के किनारे झुके हुए हालत में पहुंच चुके है। जो कभी भी धराशाई होकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।बिजली विभाग इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान दें और उचित कार्यवाही करें।

वहीं हमारे हरिभूमि संवाददाता ने जब इस विषय पर विद्युत विभाग के अधिकारी से बात की तो

### इनका कहना है

आपके माध्यम से हमे सूचना प्राप्त हुई है हम जल्द ही इस पर कार्रवाई करेंगे।

**संदीप रघुवंशी**
**अभियंता विद्युत विभाग गोटेगांव**